हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 10 जुलाई 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

सरगुजा कमिश्नर दुग्गा ने किया औचक निरीक्षण
4



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
10 जुलाई 2026
कूपन नं.
7

## चोरी के आरोप से आहत नाबालिग ने घर में लगाई फांसी, कोरिया पुलिस ने आईसी मार्ट दुकान को किया सील

# नाबालिग छात्रा की मौत से फैला जन आक्रोश, चक्काजाम





सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करते लोग।



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नाबालिग छात्रा की मौत के बाद न्याय की मांग को लेकर गुरुवार को पुलिस परिवार, आदिवासी समाज और बड़ी संख्या में लोगों ने शहर के आईसी मार्ट दुकान के बाहर प्रदर्शन किया।

■ तीन संचालकों पर अपराध दर्ज

प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। 17 वर्षीय बालिका ने कथित रुप से चोरी का आरोप लगाए जाने से आहत होकर घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद कोरिया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित आईसी मार्ट दुकान को सील कर दिया तथा तीन संचालकों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। फिलहाल तीनों आरोपी फरार बताए जा रहे हैं और उनकी तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार 7 जुलाई ⏭ शेष पेज 3 पर



परिजन से मुलाकात करते विधायक भईयालाल।

### संचालकों ने मांगे 50 हजार रुपए

मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि जब वे घटना की जानकारी लेने और स्कूटी वापस लेने स्टोर पहुंचे तो संचालकों ने 50 हजार रुपए की मांग की। उनका कहना है कि चोरी के आरोप और मानसिक दबाव के कारण उनकी बेटी अवसाद में चली गई, जिसके चलते उसने आत्महत्या जैसा यह कदम उठाया, मुझे मामले में न्याय चाहिए।

### परिजन से मिले भईयालाल, बोले- दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

विरोध प्रदर्शन के बीच बैकुंठपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ति परिवार से मुलाकात कर घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। विधायक श्री राजवाड़े ने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाना चाहिए और पीड़ति परिवार को न्याय मिलना चाहिए। सिटी कोतवाली में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान सभी पहलुओं की बारीकी से पड़ताल की जाएगी और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### नाबालिग की मौत दुःखदः अंबिका

पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव ने कहा कि किसी छोटी-सी घटना को इतना तूल देना कि उसके दबाव में एक बालिका को मौत को गले लगाना पड़े, पूरे समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। मैं प्रशासन से मांग करती हूं कि इस मामले की बिना किसी दबाव के निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा पीड़ति परिवार को न्याय दिलाया जाए। परिवार की इस अपूरणीय क्षति की भरपाई संभव नहीं है, लेकिन समयबद्ध और निष्पक्ष न्याय ही शोकाकुल परिवार के प्रति सच्ची संवेदना और समाज का विश्वास कायम रखने का माध्यम होगा।

### पूर्व विधायक बोले- मिले न्याय

पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने परिवार के प्रति संवेदना जाहिर करते हुए कहा कि जब मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है, तब भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना चिंताजनक है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर तत्काल और सख्त कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने मांग की कि मामले में कानून के अनुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और पीड़ति छात्रा को न्याय दिलाया जाए।

## खबर संक्षेप

### संगठन के मजबूती से ही पार्टी को मिलती है जीत



मनेन्द्रगढ़। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लखन लाल श्रीवास्तव ने कहा है कि संगठन की मजबूती ही आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की विजय का सबसे बड़ा आधार बनेगी। उन्होंने एमसीबी जिले के कार्यकतार्ओं का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा आम जनता से सतत संवाद बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाए। पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी नई पहचान बनाई है। आज देश विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, इसलिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह इन उपलब्धियों को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाए ।

### कांग्रेस के नवीन जिला कार्यालय का शुभारंभ




मनेंद्रगढ़। जिला कांग्रेस कमेटी के नवीन जिला कार्यालय का शुभारंभ वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं पार्टी पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीमती इंदिरा सेंगर, रमेश चंद्र सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, पूर्व विधायक गुलाब कमरो, पूर्व नपा अध्यक्ष प्रभा पटेल, जिला पंचायत सदस्य राजेश साहू, पूर्व नपा उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश चंद्र सिंह के जन्मदिन पर सभी ने उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी तथा उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। इस अवसर पर जिला महामंत्री रफीक मेमन, बलबीर सिंह, पूनम सिंह, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमोल सिंह मरावी, ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण रामनरेश पटेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष डॉ. विनय शंकर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष शहरी सौरव मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि गोपाल गुप्ता, निखिल यादव, राजकुमार जैन, राजाराम कोल, फालगो प्रसाद त्रिपाठी, शुद्धु लाल वर्मा, दीपक श्रीवास्तव, के.डी. भाई, अकरम मंसूरी, भावेश जैन, गोपाल यादव, रंजन सिंह, रंजन शर्मा, जगरनाथ, विक्की दत्ता, नंदकिशोर भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सीएम हेल्पलाइन में 1003 शिकायतें

मनेन्द्रगढ़। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन, पारदर्शिता एवं जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के संकल्प को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए एमसीबी जिला प्रशासन द्वारा सीएम हेल्पलाइन 1076 में प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से शिकायतों की समीक्षा कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का संवेदनशीलता, जवाबदेही और गुणवत्ता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। 1003 शिकायतें हुईं प्राप्त, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर जोर जिले में अब तक सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से कुल 1003 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 510 शिकायतें वर्तमान में लंबित हैं, जिनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभागों को समय-सीमा निर्धारित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं 105 शिकायतों का सफलतापूर्वक निराकरण कर क्लोजर किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 388 शिकायतों का विभागीय स्तर पर समाधान किया जा चुका है।

# 13 वर्षीय छात्र ने की आत्महत्या

### पुलिस जांच में जुटी चरचा पुलिस, विशेषज्ञ बोले- बच्चों के व्यवहार पर रखें नजर

बैकुण्ठपुर। छिंदडांड़ क्षेत्र में 13 वर्षीय एक छात्र की मौत से परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। घटना की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई। सूचना पर चरचा पुलिस मौके पर पहुंची, पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है।

■ मौत से पसरा मातम

पुलिस का कहना है कि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही घटना के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार छिंदडांड़ निवासी 13 वर्षीय बालक, जो एक निजी विद्यालय में कक्षा सातवीं का छात्र था, अपने घर में मृत पाया गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। घटना के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हुआ है तथा पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। परिजन और स्थानीय लोगों के अनुसार छात्र प्रतिदिन की तरह विद्यालय जाता था। उसकी असामयिक मृत्यु से परिवार और आसपास के लोग स्तब्ध हैं। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि घटना के पीछे क्या परिस्थितियां थीं।

#### बच्चों के व्यवहार पर रखें नजर

इस घटना ने अभिभावकों के बीच भी चिंता बढ़ा दी है। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि बच्चों के व्यवहार, दिनचर्या और भावनात्मक बदलावों पर परिवार को संवेदनशीलता के साथ ध्यान देना चाहिए। यदि बच्चे के स्वभाव में अचानक परिवर्तन, उदासी, चिड़चिड़ापन या अलग-थलग रहने जैसी बातें दिखाई दें तो उससे खुलकर संवाद करना और आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञ की सलाह लेना उपयोगी हो सकता है। समय रहते भावनात्मक सहयोग और संवाद कई समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### बस की टक्कर से प्रधान आरक्षक की मौत

अम्बिकापुर। लुचकी घाट के समीप यात्री बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार प्रधान आरक्षक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए प्रधान आरक्षक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। बताया जा रहा है प्रधान आरक्षक बतौली क्षेत्र से शहर की ओर आ रहे थे तभी दुर्घटना हुई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम बोदा मानापारा निवासी प्रधान आरक्षक श्रीराम लकड़ा आ. धनसाय (53 वर्ष) गांधीनगर पुलिस हाउस में परिवार के साथ रहता था। हर रोज की भांति सोमवार की सुबह पत्नी को ड्यूटी जाने की बात कहकर बाइक से निकला था। आज सुबह पड़ोसी ने बताया कि सोमवार की शाम लुचकी घाट के समीप एक्सीडेंट हुआ है। घटना की जानकारी लगते ही पत्नी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची तो देखा पति मृत हालत में मरच्यूरी कक्ष में पड़ा था।

# भाई की पिटाई से हुई युवक की मौत

### हत्या के आरोप में सगा भाई गिरफ्तार, पटना पुलिस ने की कार्रवाई

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले के पटना थाना क्षेत्र में घर-जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के सगे भाई को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पटना पुलिस के अनुसार बीते 26 जून 2026 को रामप्रकाश कुशवाहा ने ललित कुशवाहा की संदिग्ध मौत की सूचना थाना पटना में दी थी, जिस पर मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई। पंचनामा, परिजनों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच में सामने आया कि मृतक ललित कुशवाहा और उसका छोटा भाई शारदा कुशवाहा के बीच घर-जमीन के बंटवारे को लेकर अक्सर विवाद और मारपीट होती रहती थी।

जांच में यह भी पता चला कि 23 जून की सुबह करीब 9:30 बजे शारदा कुशवाहा ने ललित की हाथ-मुक्कों और डंडे से पिटाई कर दी थी। गंभीर रूप से घायल ललित को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना में भर्ती कराया गया, जहां से जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर रेफर किया गया। उपचार के दौरान 25 जून की शाम



गिरफ्तार आरोपी ।

करीब 6:15 बजे उसकी मौत हो गई। मर्ग जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मारपीट से आई चोटों के कारण मृत्यु की पुष्टि होने पर पुलिस ने आरोपी शारदा कुशवाहा (36), निवासी ग्राम सावांरावां थाना पटना, के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। विवेचना में पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने 8 जुलाई को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# नन्हे हाथों ने रोपे पौधेः बच्चों ने मनाया वन महोत्सव

मनेन्द्रगढ़। पेड़ हमारे दोस्त हैं, ये हमें सांस लेने के लिए साफ हवा देते हैं।₹ यह मासूम सी बात आज लिटिल मिलेनियम प्री स्कूल मनेंद्रगढ़ के केजी-2 के एक नन्हे छात्र ने पौधा लगाते हुए कही। मौका था 'वन महोत्सव' का, जिसके तहत इन छोटे-छोटे बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का पहला व्यावहारिक पाठ सिखाने के लिए स्कूल से बाहर एक खुले मैदान में ले जाया गया।

वहाँ बच्चों ने मिलकर और अकेले, दोनों ही तरीकों से पौधे रोपे और प्रकृति के प्रति अपना प्यार जताया। मैदान में पौधारोपण का नजारा बेहद खूबसूरत था। कुछ बच्चों ने अकेले ही पूरी लगन के साथ मिट्टी खोदी और अपना पौधा लगाया, जिससे उनका आत्मविश्वास देखने लायक था। वहीं, कुछ बच्चों ने टोलियां (ग्रुप) बना ली थीं।



कोई पौधा पकड़ रहा था, कोई मिट्टी डाल रहा था, तो कोई अपनी छोटी वाटर बॉटल से पानी सींच रहा था। इस सामूहिक प्रयास से बच्चों ने न सिर्फ प्रकृति से जुड़ना सीखा, बल्कि मिल-जुलकर काम करने (टीम वर्क) की भावना को भी समझा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों का उत्साह और पर्यावरण के प्रति उनकी समझ देखने लायक थी। बच्चों ने बड़ों को सीख देते हुए बहुत ही मासूमियत से कहा, ₹ हमें हमारी धरती को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। पेड़ हमें ऑक्सीजन, फल और छाया देते हैं। आइए, हम सब मिलकर एक पेड़ लगाएँ और अपने ग्रह को हरा-भरा रखें। पेड़ बचाओ, जीवन बचाओ। मुझे पेड़ों से बहुत प्यार है, क्या आपको भी है?₹ नन्हे बच्चों की इस प्यारी सी अपील और उनके इस सराहनीय प्रयास ने वहाँ मौजूद सभी का दिल जीत लिया। वन महोत्सव का यह पूरा कार्यक्रम स्कूल के डायरेक्टर्स मो. फिरोज व रूहीन मंसूरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें चीफ लर्निंग ऑफिसर स्मृति गुप्ता, कोऑर्डिनेटर निशि विश्वकर्मा, मैनेजर इलियास खान, केजी-2 क्लास की शिक्षिका तस्लीम मंसूरी व श्रद्धा साव का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

अम्बिकापुर। कृषि विभाग द्वारा कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट, नवोन्मेषी और अनुकरणीय कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य के सर्वोच्च सम्मान डॉ.खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक किसान 31 जुलाई तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। पारंपरिक खेती से हटकर कृषि में नवाचार, जैविक/प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, उन्नत कृषि यांत्रिकीकरण, जल संरक्षण या कृषि विपणन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले किसान पात्र है। उप संचालक कृषि या वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क फार्म प्राप्त कर सकते है।

# पुलिस वाहिनी को मिले नए वाहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

पुलिस मुख्यालय द्वारा पुलिस वाहिनी को उपलब्ध कराए गए नवीन वाहनों का बुधवार को वाहिनी परिसर में पारंपरिक विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर कमांडेंट संजय शर्मा की उपस्थिति में नए वाहनों का पूजन कर उन्हें विभिन्न शाखाओं एवं संबंधित अधिकारियों को आवंटित किया गया। कार्यक्रम में वाहिनी के वरिष्ठ अधिकारियों तथा पुलिस जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात कमांडेंट संजय शर्मा ने वाहनों का अवलोकन कर उनकी तकनीकी सुविधाओं एवं उपयोगिता की जानकारी ली।

■ बढ़ेगी कानून-व्यवस्था और जनसेवा की रफ्तार

उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं वाहन चालकों को वाहनों का सुरक्षित संचालन, नियमित रखरखाव तथा विभागीय कार्यों में उनका अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कानून-व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं को मिलेगी नई गति इस अवसर पर कमांडेंट श्री संजय शर्मा ने कहा कि पुलिस मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए नए वाहन विभाग की परिचालन क्षमता को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगे। इन वाहनों के शामिल होने से जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, नियमित गश्त, अपराध नियंत्रण, संवेदनशील क्षेत्रों में त्वरित पहुंच, वीआईपी ड्यूटी, आपातकालीन परिस्थितियों में शीघ्र प्रतिक्रिया तथा प्रशासनिक कार्यों के संचालन में उल्लेखनीय सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित वाहन पुलिस बल को अधिक प्रभावी, गतिशील एवं जवाबदेह बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जनसेवा होगी और अधिक प्रभावी कमांडेंट ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों को समय पर सहायता एवं सुरक्षा उपलब्ध कराना भी है। ⏭ शेष पेज 3 पर

### प्रकृति प्रेमियों का बढ़ा आकर्षण , जलप्रपात का बढ़ा जलस्तर

# वर्षाकाल में खिल उठा अमृतधारा जलप्रपात का सौन्दर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़


सावन की दस्तक और लगातार हो रही बारिश ने एमसीबी जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल अमृत धारा जलप्रपात को एक बार फिर अपनी पूर्ण प्राकृतिक आभा से सराबोर कर दिया है।

पहाड़ों से उतरता दूधिया जल, चारों ओर फैली हरियाली, ठंडी हवाएं और पक्षियों की मधुर चहचहाहट इन दिनों अमृत धारा को ऐसा मनमोहक स्वरूप प्रदान कर रही हैं कि यहां पहुंचने वाला हर पर्यटक प्रकृति की अनुपम छटा में खो जाता है। वर्षाकाल शुरू होते ही जलप्रपात का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे इसकी सुंदरता कई गुना बढ़ गई है। एमसीबी जिले के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में



शामिल अमृत धारा जलप्रपात इन दिनों स्थानीय लोगों के साथ-साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों और पड़ोसी राज्यों से आने वाले पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। सप्ताहांत और अवकाश के दिनों में यहां बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार और मित्रों के साथ प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। जलप्रपात के समीप बहती स्वच्छ जलधारा, घने वन, पहाड़ी वातावरण और चारों ओर फैली हरियाली लोगों को मानसिक सुकून का एहसास कराती है। बारिश के कारण जलप्रपात का बहाव तेज और अधिक आकर्षक दिखाई दे रहा है।

ऊंचाई से गिरती जलधारा से उठती पानी की महीन फुहारें वातावरण को और भी मनोहारी बना देती हैं। कई पर्यटक इस अद्भुत दृश्य को अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं। प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए यह समय किसी स्वर्ग से कम नहीं माना जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ⏭ शेष पेज 3 पर



# रामलला का लिया आशीर्वाद शुरू की श्री रामभूमि की शूटिंग

**मुंबई।** अनुपम खेर ने बुधवार से अपनी आगामी फिल्म 'श्री रामभूमि' की अयोध्या में शूटिंग शुरू कर दी है। लेकिन, फिल्म की शूटिंग शुरू करने से पहले उन्होंने रामलला का आशीर्वाद लिया और साथ ही कुछ खास तस्वीरें भी साझा की हैं। इन तस्वीरों में अनुपम बेहद खुश नजर आ रहे हैं। अनुपम ने बताया कि उन्होंने यह आशीर्वाद अपने लिए, अपने परिवार और दोस्तों के लिए, अपनी फिल्म के लिए और अपने सभी चाहने वालों के लिए मांगा। अनुपम ने यह भी लिखा कि वहां जाकर उन्हें बहुत अच्छा लगा और बहुत सुखद अनुभव हुआ। उन्होंने हजारों राम भक्तों के साथ मिलकर 'जय श्री राम' के नारे भी लगाए।



लाइफ Style

# गीतिका

## सतलज में असरदार रोल की वजह से चर्चा में

हरियाणा में जन्मीं और दमदार कंटेंट वाली फिल्मों में बेहतरीन एक्टिंग के लिए पहचानी जाने वालीं एक्ट्रेस गीतिका विद्या ओहल्यान, फिल्म 'सतलज' को ओटीटी से हटाए जाने को लेकर मचे विवाद के बीच, इस फिल्म में अपने असरदार रोल की वजह से फिर चर्चा में हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

गीतिका विद्या ओहल्यान हरियाणा की एक एक्ट्रेस हैं, जो अपनी नैचुरल और रियलिस्टिक एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने पारंपरिक ग्लैमर के बजाय ज़्यादातर कंटेंट-बेस्ड सिनेमा को चुना है, और इसी वजह से फिल्मों और ओटीटी प्रोजेक्ट्स में उनकी एक मजबूत पहचान बनी है। फिल्मों में आने से पहले, गीतिका ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के किरोड़ीमल कॉलेज से इंग्लिश लिटरेचर की पढ़ाई की। कॉलेज के दिनों में, वह कॉलेज के ग्रुप 'द प्लेयर्स' के जरिए थिएटर से गहराई से जुड़ गईं, जहां उन्होंने नुक्कड़ नाटकों और स्टेज पर होने वाले नाटकों के लिए एक्टिंग की, उन्हें डायरेक्ट किया और उनके लिए स्क्रिप्ट भी लिखीं। गीतिका का सफर थिएटर से काफी हद तक आकार लेने वाला रहा। उन्होंने भारत के पहले बड़े बॉलीवुड म्यूजिकल 'जंगूरा' के लिए 300 से ज्यादा लाइव शो में भी काम किया, जिससे उन्हें फिल्मों और वॉइस वर्क में आने से पहले स्टेज का काफी अनुभव मिला। उन्होंने अपनी स्क्रीन की शुरुआत तारीफें बटोरने वाली फिल्म 'सोनी' से की, जिसने उन्हें ज्यादा लोगों तक पहुंचाया और अपनी दमदार कहानी के लिए तारीफ हासिल की।

हॉलीवुड मसाला



# मोआना बनकर जीता दुनिया का दिल...

**नई दिल्ली।** डिज्नी की मचअवेटेड फिल्म मोआना दर्शकों का दिल जीतने के लिए आ रही है। मोआना में मोआना का किरदार किसी और ने नहीं, बल्कि 19 साल की एक्ट्रेस कैथरीन लगाइया ने निभाया है। उन्होंने बताया कि, इस किरदार ने उन्हें सिर्फ एक एक्टर के रूप में ही नहीं, बल्कि एक इंसान के रूप में भी बदल दिया। जब उनसे पूछा गया कि उनकी मोआना दुनिया भर की उन यंग लड़कियों को क्या मैसेज देना चाहेगी तो इस पर कैथरीन ने कहा कि, फिल्म के सबसे इमोशनल रिलेशन दादी ताला और मोआना के बीच का जो रिश्ता है वही अटूट है और इसी का जिक्र यहां उन्होंने किया।



# मैं न्यूयॉर्क का किस्मत वाला बच्चा : विन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार विन डीजल ने न्यूयॉर्क के एक शरारती बच्चे से लेकर स्क्रीन पर एक मशहूर डिटेक्टिव का किरदार निभाने तक के अपने सफर को याद किया और खुद को न्यूयॉर्क का बस एक किस्मत वाला बच्चा बताया। 58 साल के एक्टर का असली नाम मार्क सिंक्लेयर विंसेंट है। उन्होंने फोटो-शेयरिंग वेबसाइट पर एक पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने अपने बचपन की यादों के बारे में बात की और उस मशहूर किरदार के लिए अपने प्यार को जगाने का श्रेय अपनी दिवंगत दादी को दिया। डीजल ने कहा, 'मैं शुक्रगुजार हूं उस शहर का जिसने मुझे पाला-पोसा और दादी का जो उस सोफे पर मेरे साथ बैठती थीं और उन्हें कभी पता नहीं चला कि वह मेरी पूरी जिंदगी की कहानी गढ़ रही थीं। उम्मीद है आप इसे अच्छी जगह से देख रही होंगी।'



# किआरा-यश के बीच दिखी जबदस्त केमिस्ट्री

**नई दिल्ली।** फिल्म टॉक्सिक का पहला गाना तबाही रिलीज किया कर दिया गया है, जिसमें यश और बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी के बीच जबरदस्त रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। टॉक्सिक का सॉन्ग तबाही पहले मेकर्स की तरफ से अनाउंस कर दिया गया था। इसके फर्स्ट लुक पोस्टर को लेकर भी काफी बवाल मचा था। लेकिन, फिल्म की रिलीज डेट बदलने के चलते इसको रिलीज नहीं किया गया था। अब टॉक्सिक का तबाही गाना रिलीज कर दिया गया है, जिसकों हिंदी सहित, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में पेश किया गया है। फिल्म के इस गीत में अभिनेता यश और अभिनेत्री कियारा आडवाणी इंटीमेट रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिल रही है, जिसने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा है।



# पर्दे पर दिखेगी क्रिकेट के दादा की कहानी

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के सबसे लोकप्रिय कप्तान और क्रिकेटर सौरव गांगुली को जाना जाता है। लंबे समय से उनका नाम बायोपिक फिल्म को लेकर चर्चा में बना हुआ है, जिसमें अभिनेता राजकुमार राव लीड रोल में मौजूद हैं। 8 जुलाई को सौरव गांगुली के बर्थडे स्पेशल के मौके पर बायोपिक मूवी दादा-द सौरव गांगुली स्टोरी का फर्स्ट लुक पोस्टर आउट हुआ है। साथ ही मेकर्स की तरफ से इस फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान किया गया है। हिंदी सिनेमा के इतिहास में क्रिकेट के खिलाड़ियों पर लंबे समय से फिल्में बनती आ रही हैं। एमएस धोनी, कपिल देव और मोहम्मद अजरूद्दीन के बाद अब सौरव गांगुली का नाम भी इस फेहरिस्त में शामिल हो गया है। सौरव गांगुली की बायोपिक दादा का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। जिसमें एक्टर राजकुमार राव गांगुली के रोल में नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



# कई सरप्राइज लेकर आएगा मिसमैच्ड का नया सीजन

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स के लोकप्रिय शो 'मिसमैच्ड' के चौथे सीजन की शूटिंग शुरू हो गई है। इस रोमांटिक ड्रामा के नए सीजन के लिए एक्टर्स प्राजक्ता कोली और रोहित सराफ ने काम करना शुरू कर दिया है। नेटफ्लिक्स ने एक छोटी वीडियो क्लिप के साथ यह जानकारी दी। नेटफ्लिक्स ने शूटिंग शुरू होने की घोषणा की है। आने वाला सीजन इस शो का आखिरी चैप्टर भी होगा। जाने-पहचाने कलाकारों की वापसी के साथ सीजन 4 कहानी को तीसरे सीजन की घटनाओं से आगे बढ़ाएगा। तीसरा सीजन इस बात पर खत्म हुआ था कि डिंपल आहूजा और ऋषि सिंह शेखावत ने अपनी सगाई कुछ समय के लिए टाल दी थी ताकि वे अपने करियर पर ध्यान दे सकें। चौथे सीजन में रणविजय सिंह, विद्या मालवड़े, विहान समत, देवयानी शोरे, प्रिया बनर्जी, तारुक रैना, मुस्कान जाफरी, आकर्ष खुराना और एहसास चन्ना भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। मेकर्स का कहना है कि नया सीजन दर्शकों के लिए जाने-पहचाने चेहरे, नई यादें और कई सरप्राइज लेकर आएगा। संध्या मेनन के 2017 के नॉवेल 'व्हेन डिंपल मेट ऋषि' पर आधारित 'मिसमैच्ड' 20 नवंबर, 2020 को रिलीज हुई थी। इस सीरीज का दूसरा सीजन 14 अक्तूबर, 2022 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ। आकर्ष खुराना और निपुण धर्माधिकारी के डायरेक्शन में बनी यह रोमांटिक ड्रामा सीरीज ऋषि सिंह शेखावत की कहानी है, जिसे टेक विजार्ड डिंपल आहूजा से प्यार हो जाता है। प्राजक्ता कोली ने कहा, 'आखिरी सीजन के लिए 'मिसमैच्ड' के सेट पर वापस आना बहुत इमोशनल है। डिंपल मेरी सफर का एक बहुत बड़ा हिस्सा रही है और नेटफ्लिक्स पर उसकी कहानी का आखिरी चैप्टर बताने का मौका मिलना ऐसी चीज है, जिसके लिए मैं हमेशा शुक्रगुजार रहूंगी।

## शिल्पा पर आकांक्षा ने साधा निशाना

**नई दिल्ली।** लॉक अप का दूसरा सीजन जबसे शुरू हुआ है तबसे शो काफी चर्चा में है। शो में हर दिन नए हंगामे देखने को मिलते हैं। अब हाल ही में शो



का प्रोमो सामने आया है जिसमें दिखाया गया कि श्रेया कालरा अपने कार्ड पावर का यूज करेंगी आकांक्षा चौधरी के खिलाफ उनका खाना रोक कर। दोनों के बीच लड़ाई होती है और यह मामला आगे ज्यादा बढ़ जाता है। श्रेया फिर आकांक्षा से माफी मांगने को बोलती हैं, लेकिन आकांक्षा मना कर देती हैं। इसके बाद आकांक्षा जैसे ही स्क्रीन को टच करती हैं खाने को ऑर्डर करने के लिए, श्रेया उन्हें रोक देती हैं और फिर हंगामा मच जाता है। श्रेया फिर उन्हें धमकी देती हैं कि दोबारा मुझे टच मत करना। मैं थप्पड़ मार दूंगी। वहीं, फिर बाद में आकांक्षा ने शिल्पा शिंदे की बिग बॉस जीत को लेकर तंज कसा और कहा, पिछले शो में रोटियां बेलते हुए शो जीता था, यहां रोटियां बेलने वाला सिस्टम नहीं है मैडम।

# गीतकार ने मांगे ज्यादा पैसे तो डायरेक्टर ने खुद ही लिख दिया ये अमर गीत...

*__नई दिल्ली।__ 1974 में एक फिल्म आई थी 'हवस। फिल्म में वरुण धवन के ताऊ जी अनिल धवन लीड एक्टर थे। उनकी हीरोइन बनीं थीं नीतू कपूर। इस फिल्म की कहानी शायद आपको याद नहीं होगी, लेकिन मोहम्मद रफी की आवाज में एक गाना इसकी पहचान बन गया। वो गाना था 'तेरी गलियों में ना रखेंगे कदम'। अनिल धवन पर फिल्माया गाना फिल्म की पहचान बन गया। लेकिन, क्या आप जानते हैं ये गान किसी गीतकार ने नहीं बल्कि फिल्म के डायरेक्टर सावन कुमार ने अपनी आर्थिक स्थिति और गीतकार से अपमानित महसूस करने के बाद लिख डाला था।*

## सावन कुमार की आर्थिक स्थिति थी खराब

ये वो वक्त था जब फिल्म हवस को बनाने वाले सावन कुमार की आर्थिक स्थिति खराब थी। इससे पहले आई फिल्म गौमती के पार फ्लॉप हो गई थी। ऐसे में बजट टाइट था, लेकिन वो हवस को शानदार तरीके से बनाना चाहते थे। खासकर फिल्म के गानों को लेकर वो गंभीरता से विचार कर रहे थे। उन्होंने फिल्म के एक गाने के लिए उस समय केमशहूर गीतकार मजरूह सुल्तानपूरी से मुलाकात की। दोनों के बीच करीब तीन घंटे फिल्म के गानों को लेकर बात हुई। गीतकार ने घर आए डायरेक्टर को खाना खिलाया। फिर पैसों को लेकर बातचीत हुई। मजरूह सुल्तानपुरी ने डायरेक्टर सावन कुमार से एक गाना लिखने की कीमत 25 हजार मांगी। उस समय ये गीतकार की एक फिल्म के लिए फीस हुआ करती थी।



## ये गाना उस साल का सबसे बड़ा हिट बना

सावन कुमार ने खुद अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने एक गाने के लिए मजरूह सुल्तानपुरी को मनाया। गीतकार ने साफ़ कह दिया था कि चाहे एक गाना लिखवाओ या चार, फीस तो 25 हजार ही लेंगे। वो अपनी फीस कम करने को तैयार ही नहीं हुए। ऐसे में सावन कुमार निराश मन के साथ अपने घर लौट रहे थे। उनके घर की सीढ़ियों से उतरते समय सावन कुमार ने निराश मन के साथ कहा 'अब इनकी गलियों में कदम नहीं रखूंगा'। इसके बाद गाने का मुखड़ा 'तेरी गलियों में ना रखेंगे कदम आज के बाद'। उन्होंने गाने का मुखड़ा फिल्म की म्यूजिक कंपोजर ऊषा खन्ना को सुनाया। कंपोजर ने सुनते ही कहा सुपरहिट। इसके बाद दोनों ने मिलकर गाने का अंतरा पूरा किया और मोहम्मद रफी ने इस गाने को आवाज देकर इसे अमर कर दिया। ये गाना उस साल का सबसे बड़ा हिट बना।

# मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल 2026 नॉमिनेशन की घोषणा ...

**मुंबई।** इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न के 17वें एडिशन के लिए नॉमिनेशन लिस्ट जारी कर दी गई है। यह फेस्टिवल 13 अगस्त से 23 अगस्त तक ऑस्ट्रेलिया में आयोजित किया जाएगा। इस फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा और ओटीटी प्लेटफॉर्म की बेहतरीन फिल्मों और वेब सीरीज को अवॉर्ड दिए जाएंगे। इस साल लिस्ट में सितारे जमीन पर, कांतारा: चैप्टर 1, सैयारा, मेंबर्स ऑफ द प्रॉब्लमेटिक फैमिली और नॉट ए हीरो जैसी फिल्में अलग-अलग कैटेगरी में टॉप दावेदारों में शामिल हैं।

विजेताओं का फैसला ऑस्ट्रेलिया की फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े जूरी मेंबर्स करेंगे। बेस्ट एक्टर (मेल)- आमिर खान, रणवीर सिंह, ऋषभ शेट्टी, दुलकर सलमान, ममूटी, अहान पांडे, भुमन भार्गव दास और संजय मिश्रा। बेस्ट एक्ट्रेस (फीमेल)- रानी मुखर्जी, यामी गौतम धर, नीना गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, कल्याणी प्रियदर्शन, राजश्री देशपांडे, अनीत पड्डा और रितुपर्णा सेनगुप्ता। बेस्ट फिल्म- सितारे जमीन पर, कांतारा: ए लेजेंड - चैप्टर 1, सैयारा, हक, जरान, लोकाह चैप्टर 1, शारथोपोर और द ग्रेट शम्सुद्दीन फैमिली। बेस्ट डायरेक्टर- ऋषभ शेट्टी (कांतारा 1), आरएस प्रसन्ना (सितारे जमीन पर), मोहित सूरी (सैयारा), अश्विनी अय्यर तिवारी (सिस्टम), शाजिया इकबाल (धड़क 2), रीमा दास, चंद्राशीष रे और रामलिंगम गौतम। बेस्ट वेब सीरीज- कोहरा (सीजन 2), मटका किंग, सपने वर्सेस एवरीवन, फ्रीडम एट मिडनाइट (सीजन 2) और द बैड्स ऑफ बॉलीवुड। इस फेस्टिवल में सिर्फ अवॉर्ड्स ही नहीं दिए जाएंगे, बल्कि कई नई फिल्मों के प्रीमियर, स्पेशल स्क्रीनिंग और सिनेमा से जुड़ी खास मास्टरक्लास और चर्चाएं भी होंगी।

## आमिर-रणवीर और ऋषभ के बीच होगा मुकाबला



## किशोर-लता ने दी आवाज, आज भी सदाबहार गानों की लिस्ट में है शुमार

# मुंबई की असली बारिश में शूट हुआ अमिताभ का यह गाना

### 57 साल पुराना कल्ट गाना

ज्यादातर बारिश के सीक्वेंस में नकली बारिश करवाई जाती है, लेकिन 57 साल पहले आई फिल्म के इस गीत को शूट करने के लिए मेकर्स ने असली बारिश का इंतजार किया था। यह गीत है 'रिमझिम गिरे सावन', जो अमिताभ बच्चन की फिल्म मंजिल (1979) का है।

### मरीन ड्राइव पर शूट किया गया था

बासु चटर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म मंजिल का सुपरहिट गाना 'रिमझिम गिरे सावन' को मुंबई के मरीन ड्राइव पर असली बारिश में शूट किया गया था। डायरेक्टर चाहते थे कि वह सीन असली लगे, इसलिए उन्होंने बिना किसी परमीशन के असली बारिश में नेचुरली उस सीन को शूट किया। उसमें कोई डांस सीक्वेंस नहीं था। अमिताभ और मौसमी चटर्जी बस मुंबई की सड़कों पर बारिश में घूम रहे थे, हंस रहे थे और मस्ती कर रहे थे।

*__नई दिल्ली।__ अमिताभ बच्चन ने कई सुपरहिट गाने दिए हैं। उनका एक गाना बारिश के मौसम के लिए एकदम परफेक्ट है। यह गाना 57 साल बाद भी गानों के शौकीन लोगों की लिस्ट में जरूर शामिल होगा। पांच दशक से कल्ट बने इस गीत को लता मंगेशकर और किशोर कुमार ने अमर बना दिया। सिर्फ आवाज ही नहीं, गाने के पीछे एक दिलचस्प किस्सा भी है। इस गाने को मुंबई की असली बारिश में शूट किया गया था।*



### बिना किसी डांस सीक्वेंस के हुआ था शूट

एक बार मौसमी चटर्जी ने खुद एक इंटरव्यू में बताया था। उन्होंने कहा था कि उन्हें पता ही नहीं कि शूटिंग कब शुरू हो गई थी। उन्होंने कहा था, 'बस हम काफी देर तक चलते रहे और बारिश में भीगते रहे। हमें पता ही नहीं चला कि इसकी शूटिंग हो रही थी।' एक्ट्रेस ने यह भी बताया था कि बारिश के चलते उनका काजल भी बह गया था। यह गीत आज भी सदाबहार गानों की लिस्ट में शुमार है। इस गीत को लता मंगेशकर और किशोर कुमार ने गाया था। जबकि इसके लिरिक्स योगेश ने लिखे थे। गाने को आरडी बर्मन ने कंपोज किया था।

### आखिर क्यों रियल बारिश ही चाहिए थी

*मौसमी ने आगे बताया था कि वहां गाना सुनाई भी नहीं दे रहा था। वहां सामने से एक रुमाल हिलाया जाता था तो समझ जाते थे कि गाना शुरू हो गया। अब सवाल यह उठता है कि आखिर इस गाने को रियल बारिश में ही क्यों शूट किया गया तो बताते हैं आपको। दरअसल, यह गाना था फिल्म मंजिल का जिसे बसु चटर्जी ने डायरेक्ट किया था। वह चाहते थे कि यह सीन बिल्कुल रियल लगे।*

### अमिताभ को लेकर एक किस्सा

*इस फिल्म को लेकर एक किस्सा है कि जब अमिताभ बच्चन ने यह फिल्म साइन की थी तब अमिताभ का स्टारडम नहीं था। ऐसा कहा जाता है कि उस वक्त किरण कुमार ने बिग बी के साथ 2 दिन शूट किया था और फिर उन्होंने डायरेक्टर से बिग बी को हटाने को कहा, यह कहते हुए कि वह फ्लॉप एक्टर हैं। लेकिन, बसु चटर्जी ने किरण को ही फिल्म से बाहर कर दिया।*

## खबर संक्षेप

### बिश्रामपुर की रुक्मिणी पाल को मिली पीएचडी की उपाधि



**बिश्रामपुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा द्वारा बिश्रामपुर निवासी रुक्मिणी पाल को भारत की विभीषिका और हिन्दी उपन्यास स्त्री जीवन के विशेष संदर्भ विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। इस उपलब्धि के साथ ही वे अब डॉ रुक्मिणी पाल के नाम से पहचानी जाएंगी। उनकी इस सफलता पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। रुक्मिणी पाल ने यह शोध ग्रंथ शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय नागपुर के प्राचार्य डॉ रामकिंकर पांडेय के शोध निदेशन में पूर्ण किया,अपने शोध में उन्होंने हिन्दी उपन्यास साहित्य में भारत की विभीषिका के चित्रण का विशेष रूप से स्त्री जीवन के संदर्भ में गहन अध्ययन एवं विश्लेषण प्रस्तुत किया है।

### मधु बनी अग्रवाल महिला सभा की अध्यक्ष



**अंबिकापुर।** अग्रवाल महिला सभा का चुनाव संपन्न कराया गया। अग्रवाल महिला सभा की बैठक में चुनाव कार्यक्रम का आगाज अग्रसेन महाराज के पूजा अर्चना के साथ कराया गया। इस दौरान सर्व सम्मति से श्रीमती मधु अग्रवाल को सभा का नया अध्यक्ष मनोनित किया गया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष श्रीमती मधु गर्ग, श्रीमती ममता गर्ग, सचिव श्रीमती अंजू पोद्दार, सह सचिव श्रीमती मंजू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती मनीषा गोयल, मीडिया प्रभारी श्रीमती कविता अग्रवाल को मनोनित किया गया। इस दौरान नव नियुक्त अध्यक्ष श्रीमती मधु अग्रवाल ने कहा कि वे और उनकी टीम अपने उत्तरदायित्वों का निष्ठा, समर्पण एवं पारदर्शिता के साथ निर्वहन करते हुए समाज की अपेक्षाओं पर पूर्णतः खरे उतरेंगे तथा अग्रवाल समाज के प्रत्येक सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाकर महिला सभा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएंगी। समाज के युवाओं को सही मार्गदर्शन देंगे ताकि वह अपने रस्ते से भटके नहीं,हमारे युवा ही समाज की नींव है। इस दौरान कार्यक्रम में अग्रवाल सभा अध्यक्ष संजय मित्तल, सचिव संजय अग्रवाल, सदस्य पूर्व अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल नीलिमा गोयल, प्रेमलता गोयल, लक्ष्मी अग्रवाल, कोमल अग्रवाल, उमा अग्रवाल मंजू गोयल सहित अन्य मौजूद थे।

### प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्रों की गूंज का प्रसारण



**वाड्रफनगर।** राजीव गांधी चौक पर कोटा में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम का प्रोजेक्टर से सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिहर यादव, प्रदेश सचिव रामदेव जगते, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवनारायण मरावी, अध्यक्ष प्रतिनिधि अश्विनी यादव, जिला उपाध्यक्ष मानिस अब्दुल्ला, जिला महामंत्री अमित यादव सहित पार्षद पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आधा दर्जन तहसीलदार व नायब तहसीलदारों का तबादला

**बिश्रामपुर।** कलेक्टर सूरजपुर ने जिला राजस्व स्थापना अंतर्गत प्रशासनिक व्यवस्था के दृष्टिकोण से जिले में पदस्थ तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के प्रभार में परिवर्तन करते हुए नई जिम्मेदारी सौंपी गई है,आदेश के अनुसार ओड़गी तहसीलदार चंद्रशीला जायसवाल को लटोरी तहसीलदार नियुक्त किया गया है, यहां तहसीलदार रहे सुरेंद्र पैकरा का तबादला जशपुर होने के बाद उन्हें नए कार्यस्थल के लिए भारमुक्त कर दिया गया है,बैकुंठपुर से गत माह तबादला के बाद सूरजपुर जिले में आई अमृता सिंह को ओड़गी तहसीलदार का कार्यभार सौंपा गया है।नायब तहसीलदार करमचंद जाटवर बिहारपुर तहसील के प्रभारी तहसीलदार नियुक्त किए गए हैं।

## रेल निर्माण समिति गांव-गांव में चला रही हस्ताक्षर अभियान

# दशकों पुरानी अम्बिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन निर्माण की मांग हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- प्रस्तावित रेल मार्ग निर्माण कार्यों का किया जा रहा जियो टैगिंग

रेलवे द्वारा प्रस्तावित अम्बिकापुर-गढ़वा रोड रेल लाइन को विशेष दर्जा देने एवं केंद्र शासन द्वारा इसकी अधिसूचना प्रकाशित करने के बाद बलरामपुर के रेल संघर्ष समिति ने अंग्रेजों द्वारा आजादी के पूर्व प्रारंभ की गई अम्बिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन की स्वीकृति देने की मांग कर एक विवाद खड़ा कर दिया है। समिति के पदाधिकारी अपनी मांग के समर्थन में गांव-गांव भ्रमण कर हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं साथ ही पुराने रेल मार्ग का जियो टैगिंग कर रहे हैं।

रेलवे द्वारा पूर्व में बलरामपुर जिलान्तर्गत प्रस्तावित बलरामपुर-गढ़वा रोड रेल लाइन निर्माण का सर्वे कराया जा रहा था। सर्वे में ग्राम पंचायत जाबर में रेलवे जंक्शन प्रस्तावित था। प्रस्तावित नई रेल लाइन के सर्वे से ग्रामीण अपनी कृषि भूमि अधिग्रहित होने के डर से भयभीत थे तथा दशकों पुरानी अम्बिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन को स्वीकृत करने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों द्वारा लगातार विरोध करने के बावजूद जब सर्वे नहीं रूका तो ग्रामीणों ने न्यायलय की शरण ली जिसके बाद नई रेल लाइन के सर्वे का कार्य रोक दिया। हाल ही में रेलवे द्वारा प्रस्तावित अम्बिकापुर-गढ़वा रोड रेल लाइन को विशेष दर्जा देने एवं इस संबंध में अधिसूचना प्रकाशित करने के बाद सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीण एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं तथा रेल निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले आजादी के पूर्व अंग्रेजों द्वारा प्रारंभ की गई अम्बिकापुर-बरवाडीह रेल परियोजना को स्वीकृति देने की मांग तेज कर दी है। संघर्ष समिति के सदस्यों का कहना है कि पूर्व में इस रेल लाइन के लिए उनकी भूमि अधिग्रहित की गई है।

इस परियोजना के तहत पूर्व में कई पुल-पुलियों का निर्माण किया गया है साथ ही कुछ स्थानों पर रेल लाइन भी बिछाई गई है। कुछ स्थानों पर प्लेटफार्म निर्माण का भी कार्य किया गया है। इतना सबकुछ होने के बाद भी इसका उपयोग नहीं हो रहा है। प्रस्तावित पुराने रेल मार्ग का निर्माण होने से बलरामपुर, बरगढ़ भंडरिया क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। संघर्ष समिति के सदस्य गांव-गांव जाकर हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं साथ ही प्रस्तावित पुराने रेल मार्ग की जियो टैगिंग कर रहे हैं।



### जल्द मिल सकती है स्वीकृति

इधर जानकार अम्बिकापुर-गढ़व रोड प्रस्तावित रेल मार्ग को जल्द स्वीकृति मिलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। जानकारों के अनुसार रेलवे द्वारा पूर्वोत्तर के राज्यों में संचालित थर्मल पावर इकाइयों सहित अन्य उद्योगों में समय पर इंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस वैकल्पिक मार्ग का चयन किया गया है। प्रस्तावित रेल मार्ग से एमसीएल, वसुंधरा कोल ब्लाक, मांड एसईसीएल, सीआईएल आदि का कोयला सिंगरौली, यूपी, उत्तराखण्ड, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब एवं जम्मू कश्मीर के थर्मल पावर परियोजनाओं तक कोयला परिवहन करने के लिए उपयोग किया जाएगा। रेलवे द्वारा 261 किमी लम्बी प्रस्तावित रेल परियोजना के तहत छत्तीसगढ़ में 145 किमी, झारखण्ड में 116 किमी, सरगुजा में 2.4 किमी, सूरजपुर में 26.45 किमी एवं बलरामपुर में 116.57 किमी लम्बी रेल लाइन का निर्माण प्रस्तावित है। कोयला परिवहन के साथ ही प्रस्तावित रेलमार्ग का उपयोग यात्री ट्रेनों के परिचालन के लिए किया जाएगा।

### जुड़ सकते हैं अन्य रेलमार्ग

प्रस्तावित रेल मार्ग की उपयोगिता को देखते हुए अन्य रेल मार्गों की स्वीकृति भी मिलने की संभावना जताई जा रही है। प्रस्तावित रेल परियोजना के डीपीआर में विश्रामपुर, रंका-अभरणा में वाई लेग जोड़ कर रेणुकूट की ओर एवं दूसरी रेल लाइन गढ़वारोड के रास्ते सोननगर होते हुए बिहार राज्य की ओर ले जाने का प्रस्ताव है। घाटे का सौदा होने के कारण रेलवे ने डीपीआर में व्यापक बदलाव किया है तथा शाखा रेल लाइन के रूप में बरवाडीह मार्ग को शामिल किया है। रेलवे द्वारा पूर्व में कई रेल मार्गों का सर्वे कराया है। प्रस्तावित रेल मार्ग के साथ अन्य रेल मार्गों की भी स्वीकृति मिलने का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

### चल रहा हस्ताक्षर अभियान

प्रस्तावित अम्बिकापुर गढ़वा रोड रेल परियोजना अच्छी है। इसका निर्माण होना चाहिए। हमारी मांग दशकों पुरानी प्रस्तावित अम्बिकापुर-बरवाडीह रेल मार्ग को स्वीकृति देने की है। इस मार्ग के लिए संघर्ष समिति गांव-गांव में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है।

-श्रीकांत सिंह
सरपंच एवं सदस्य रेल निर्माण समिति बलरामपुर

## जनहितकारी योजनाओं के अभिसरण से होगा ग्रामीण आजीविका संवर्धन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कोरिया जिले मे ग्रामीण आजीविका के स्तर में सुधार के लिए विभिन्न विभागों में चल रही जनहितकारी योजनाओं के अभिसरण से महिलाओं को स्थायी रोजगार से जोड़ने की नई पहल आरंभ की गई है। इसका मूल उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्थायी आजीविका से जोड़कर आर्थिक तौर पर मजबूत बनाना होगा। कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव ने निर्देश पर वीबीजीरामजी और बिहान से जुड़ी महिलाओं के द्वारा अब नर्सरी, फलोद्यान के साथ ही पशुपालन कार्य किया जाएगा। इससे उनके जीवन में रोजगार की समस्या का निदान होगा और पूरा परिवार एक स्थायी आजीविका से जुड़कर ग्रामीण विकास में सहभागी होगा।

प्रथम चरण मे चयनित महिला समूहों से जुड़ी श्रमिक महिलाओं के परिवारों में बकरीपालन, मुगीर्पालन और दुग्ध उत्पादन हेतु पशुपालन को लक्षित किया गया है। साथ ही महिला सीएलएफ के माध्यम से पौध नर्सरी और फलोद्यान तैयारी कार्य लक्षित किया गया है।जनपदवार लक्ष्य आंबटित योजनाओं के अभिसरण से ग्रामीण विकास को नई दिशा देने के लिए प्रथम चरण मे बैकुण्ठपुर जनपद पंचायत, सोनहत जनपद पंचायत और पोड़ी बचरा क्षेत्र को मिलाकर तीन अलग अलग क्लस्टर बनाए गए हैं। तीनों जनपद क्षेत्र में आने वाले ग्राम पंचायतों में 20-20 फलोद्यान तथा नर्सरी, 50-50 बकरी पालन केंद्र, 50-50 मुर्गी पालन केंद्र तथा 50-50 दुधारू पशुपालन शेड स्वीकृत किए जाएंगे। इस प्रकार कोरिया जिले में अभिसरण से प्रथम चरण के तहत 60 नर्सरी, 60 फलोद्यान, 150 बकरी पालन शेड, 150 मुर्गी पालन शेड तथा 150 दुधारू पशुपालन शेड बनाकर महिलाओं को स्थायी आजीविका गतिविधियों से जोड़ने की पहल की जा रही है। महत्वपूर्ण विभागीय योजनाओं का अभिसरण कोरिया जिले में महिलाओं को स्थायी आजीविका से जोड़ने के लिए पहले उन्हे वीबीजीरामजी योजना के साथ बिहान के अभिसरण से पक्के पशु शेड, बकरी पालन केंद्र तथा मुर्गी पालन केंद्र बनाकर दिए जाएगें। उसके बाद पशुपालन विभाग के अभिसरण से उन्हे इसे व्यवसायिक तौर पर आरंभ कराया जाएगा।

इसी तरह वीबीजीरामजी और बिहान के साथ कृषि, उद्याानिकी और रेशम विभाग के अभिसरण से महिला समूहों को पौध नर्सरी और फलोद्यान विकसित कराए जाएंगे जिससे उन्हे एक निश्चित आय सुनिश्चित हो सकेगी साथ ही अंतर्वर्तीय खेती से महिलाएं सब्जी और व्यवसायिक फसलें लेकर अपनी आजीविका का संवर्धन करेंगी। हितग्राही चयन से कार्य तक समय सीमा तय इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव के निदेर्शानुसार वीबीजीरामजी तथा बिहान से जुड़े हितग्राहियों को स्थायी आजीविका गतिविधियों में जोड़ने के लिए जनपदवार लक्ष्य आबंटित कर समय सीमा निर्धारित की गई है।

## सम्मानित हुए सोनी



**अंबिकापुर।** अधिवक्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट डॉ. डीके सोनी को जनहित, सामाजिक न्याय तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्राइड ऑफ साउथर्न इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 27 जून को हैदराबाद स्थित होटल द पार्क में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री एवं राज्यसभा सांसद जया प्रदा ने प्रदान किया। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए जाने-माने डॉक्टरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति रही। डॉ. सोनी लंबे समय से सामाजिक न्याय, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के खिलाफ सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आरटीआई और जनहित याचिकाओं के माध्यम से कई महत्वपूर्ण मामलों को न्यायालयों तक पहुंचाया तथा अनेक मामलों में सफल कानूनी लड़ाई लड़ी है।

### स्कूल के सामने जेब्रा क्रॉसिंग, स्पीड ब्रेकर और साइन बोर्ड लगाने की मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**राजपुर।** जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेवारी के सामने मुख्य मार्ग पर विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विद्यालय के सामने जेब्रा क्रॉसिंग, स्पीड ब्रेकर तथा विद्यालय का सांकेतिक साइन बोर्ड स्थापित करने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि विद्यालय से सटे मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं का आवागमन रहता है। इस मार्ग से तेज रफ्तार भारी एवं अन्य वाहन गुजरते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पूर्व में भी यहां कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे विद्यार्थियों और अभिभावकों में चिंता का माहौल है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेवारी के प्राचार्य द्वारा छात्र हित को देखते हुए मार्ग पर सुरक्षा संबंधी इंतजाम कराने की मांग की है।

## केवाईसी के नाम पर 113 महिलाओं के नाम से 926 बोरी यूरिया और 54 बोरी डीएपी निकालने का आरोप

- कार्रवाई की मांग को लेकर महिलाएं पहुंचीं थाना



**राजपुर।** ग्राम पंचायत कुंदीकला में महतारी वंदन योजना के केवाईसी के नाम पर महिलाओं के आधार कार्ड का कथित दुरुपयोग कर उनके नाम से बड़ी मात्रा में खाद निकाले जाने का मामला गरमाता जा रहा है। गांव की लगभग 60 महिलाएं राजपुर थाना पहुंचीं और मामले में हुई कार्रवाई की जानकारी ली। इस दौरान नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर एवं थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने महिलाओं को जांच की प्रगति से अवगत कराया, जिसके बाद महिलाएं ज्ञापन सौंपकर वापस लौट गईं।

ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले की शिकायत पहले 25 जून को कलेक्टर के नाम एसडीएम को तथा राजपुर थाना में की गई थी। इसके बाद 26 जून को एसडीएम को भी लिखित आवेदन देकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने महतारी वंदन योजना के केवाईसी के नाम पर महिलाओं के आधार कार्ड का उपयोग कर बिना उनकी जानकारी के उनके नाम से यूरिया एवं डीएपी खाद का आहरण कर लिया। समय पर कार्रवाई नहीं होने से किसानों को खेती के लिए आवश्यक खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है कि 11 जुलाई तक सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाए तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। मांग पूरी नहीं होने पर 13 जुलाई को थाने के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग-343 पर चक्का जाम किया जाएगा।

इस संबंध में नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद जांच कर प्रतिवेदन एसडीएम के माध्यम से कलेक्टर को भेज दिया गया है। जांच में 113 महिलाओं के नाम से 926 बोरी यूरिया एवं 54 बोरी डीएपी खाद निकाला जाना पाया गया है। प्रारंभिक जांच में दीपक शांडिल्य के नाम से संचालित सीएससी सेंटर तथा उसके भाई विनोद शांडिल्य की संलिप्तता सामने आई है। उन्होंने महिलाओं को जांच की स्थिति से अवगत कराया और आश्वस्त किया गया है कि दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होगी।



## अभिभावक बच्चों के संस्कारों को दे प्रमुखता : अग्रवाल

- स्वामी आत्मानंद विद्यालय में मनाया गया प्रदेश उत्सव

**अम्बिकापुर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ब्रह्मापारा में शाला प्रवेश उत्सव पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान नव प्रवेशी कक्षा पहली, छठवीं व नवमी के बच्चों को तिलक लगा एवं लड्डू खिलाकर शाला प्रवेश कराया गया। कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल के पहुंचने पर प्रवेश द्वार से कार्यक्रम स्थल तक पुष्प वर्षा कर छात्र-छात्राओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने विद्यालय से संबंधित मांग रखी जिसे मंत्री ने पूर्ण करने का आश्वासन दिया पार्षद राहुल त्रिपाठी व पार्षद प्रतिनिधि रोचक गुप्ता ने शाला की उपलब्धियों की सराहना की तथा शहर में और भी शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोलने की मांग रखी। मंत्री श्री अग्रवाल ने नवप्रवेशी बच्चों से भारत का भविष्य गढ़ने का आह्वान किया व अभिभावकों से कहा कि बच्चों के संस्कारों को प्रमुखता दें ताकि प्रधानमंत्री का 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने में बच्चे भागीदार बने। कक्षा नवमी की 20 छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण किया गया। इस दौरान एसएमडीसी अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, संदीप ताम्रकार, संतोष केशरी व संस्था के सभी व्याख्याता, शिक्षक तथा बड़ी संख्या में अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### नाबालिग छात्रा की...

को दो बालिकाएं शहर स्थित आईसी मार्ट दुकान में सामान खरीदने गई थीं। आरोप है कि मार्ट संचालकों ने दोनों बहनों पर चोरी का आरोप लगाया और दबावपूर्वक लिखित बयान लिया कि उन्होंने चोरी की है। साथ ही उनकी स्कूटी भी रोक ली गई। दोनों बहनों ने घर पर घटना की जानकारी नहीं दी, बल्कि आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। अगले दिन 8 जुलाई को दोपहर में 1 से 2 बजे के बीच बालिका ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस सक्रिय हुई और देर शाम आईसी मार्ट को सील कर दिया। सिटी कोतवाली पुलिस ने आईसी मार्ट के संचालक दीपक वैद, विनोद वैद एवं जगत वैद के खिलाफ धारा 296, 107, 308(2), 309(4) बीएनएस तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति निवारण अधिनियम की धारा 3(2) (व्ही) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

**कार्रवाई की मांग-** घटना के दूसरे दिन गुरुवार को बड़ी संख्या में पुलिस परिवार, आदिवासी समाज की महिलाएं और परिजन आईसी मार्ट के सामने धरने पर बैठ गए तथा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। कुछ समय तक मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

**तत्काल हो गिरफ्तारी-** मामले की गंभीरता को देखते हुए भाजपा-कांग्रेस के कई नेताओं ने अपनी संवेदना व्यक्त की तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। मामले में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने भी घटना की निंदा करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठाई है।

### पुलिस वाहिनी को...

नए वाहनों के माध्यम से घटनास्थल तक कम समय में पहुंचना संभव होगा, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस की प्रतिक्रिया और अधिक तेज एवं प्रभावी होगी। इससे आमजन को बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता से पुलिस जवानों का मनोबल भी बढ़ता है। बेहतर परिवहन सुविधा मिलने से कठिन परिस्थितियों में भी जवान अधिक दक्षता एवं आत्मविश्वास के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। यह विभाग की कार्यकुशलता बढ़ाने के साथ पुलिस और जनता के बीच विश्वास को भी मजबूत करेगा। सुरक्षा मानकों के अनुरूप होगा उपयोग कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं जवानों ने नवीन वाहनों का निरीक्षण किया तथा उन्हें सुरक्षा मानकों के अनुरूप आवश्यक उपकरणों से सुसज्जित रखने का संकल्प लिया।

### वर्षाकाल में खिल...

का कहना है कि वर्षा ऋतु में अमृत धारा का वास्तविक सौंदर्य देखने योग्य होता है। मानसून के दौरान यहां का प्राकृतिक वातावरण इतना रमणीय हो जाता है कि कुछ समय के लिए शहर की भागदौड़ और तनाव से पूरी तरह मुक्ति मिल जाती है। यही कारण है कि हर वर्ष बारिश के मौसम में यहां पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिलती है। हालांकि बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन और स्थानीय लोगों ने पर्यटकों से सावधानी बरतने की अपील भी की है। जलप्रपात के किनारों पर अनावश्यक रूप से जाने, तेज बहाव वाले क्षेत्र में उतरने तथा जोखिम भरे स्थानों पर सेल्फी लेने से बचने की सलाह दी जा रही है। बच्चों पर विशेष निगरानी रखने और सुरक्षा निदेर्शों का पालन करने की भी अपील की गई है, ताकि प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद सुरक्षित तरीके से लिया जा सके। प्राकृतिक संपदा से समृद्ध अमृत धारा जलप्रपात न केवल एमसीबी जिले की पहचान है, बल्कि यह क्षेत्र के पर्यटन को भी नई पहचान दिला रहा है। यदि यहां मूलभूत सुविधाओं का और अधिक विस्तार तथा नियमित रखरखाव किया जाए तो यह पर्यटन स्थल प्रदेश के प्रमुख मानसूनी पर्यटन केंद्रों में और अधिक लोकप्रिय हो सकता है।

**कार्यालय भू-अर्जन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

सर्व साधारण ग्राम शिवपुर चरचा तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है। आवेदक ललन सिंह आ. स्व. रघुनाथ प्रसाद व अन्य 06 सहित अधिवक्ता श्री जी.डी.शर्मा उपस्थित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु अतिग्रहीत भूमि ग्राम शिवपुर चरचा स्थित ख.नं. 767/4 रकबा 0.120 हे. का अवार्ड पारित किये जाने एवं डिमांड नोटिस जारी कर सम्पूर्ण मुआवजा राशि 4266592/- (बयालिस लाख छियासठ हजार पाँच सौ बानवे रू.) मात्र संबंधित कार्यालय से मंगवाकर आवेदकगण आवेदकगण को अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा राशि दिलाये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उक्त अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा राशि दिलाये जाने पर किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 07/08/2026 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 06/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)**

**कार्यालय भू-अर्जन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

सर्व साधारण ग्राम चेरवापारा तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है। आवेदक गनपत प्रसाद आ. स्व. धीरसाय, कुन्ती पिता धीरसाय, शकुनबाई पिता धीरसाय, पारसलाल पिता अमीरसाय कौशिल्या प. अभीरसाय, आरती पिता कलमसाय, विकास पिता कलमसाय, संतोष पिता कलमसाय, ताराबाई प. कलमसाय रजवार निवासी खरवत के नाम ख.नं. 949/1 रकबा 0.300 हे. भूमि स्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि संयुक्त खाते की गणना पत्रक संयुक्त टीम द्वारा तैयार किया गया है। उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु अतिग्रहीत भूमि ग्राम खरवत स्थित ख.नं. 949/ रकबा 0.30 हे. का अवार्ड पारित किये जाने एवं डिमांड नोटिस जारी कर सम्पूर्ण मुआवजा राशि 83,26,080/- (तिरासी लाख छब्बीस हजार अस्सी रू. मात्र) संबंधित कार्यालय से मंगवाकर आवेदकगण आवेदकगण को अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा राशि दिलाये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उक्त अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा राशि दिलाये जाने पर किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 07/08/2026 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नही होगी। आज दिनांक 06/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)**

TOP IN KORIYA

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

CARDINAL WARRIORS
School with Josh & Hosh
ADMISSIONS OPEN 2026-27
Affordable School + Sainik School Preparation
"Build Discipline, Intelligence & Future Defence Leaders from Early Classes"
★ Integrated Abacus + Vedic Maths
★ AISSEE Exam Preparation (No Extra Cost)
★ Focus on NDA + SSB Foundation
★ Modern Science & Technology Lab
★ Separate Boys and Girls Hostel
★ Admission Closing Soon
Limited Seats - Register Now
7880006456
Major Pravin Singh (Retd.)
Branch
Raipur, Bhilai, Manendragarh
NH 43, Lai Village, Near Hasdeo River Bridge, Manendragarh 497442

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### जनकपुर अस्पताल से दिव्यांग प्रमाण-पत्र वितरण




**जनकपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जनकपुर द्वारा 113 दिव्यांग प्रमाण-पत्र तैयार होने वाले हितग्राहियों की सूची जारी कर दी गई है। बीएमओ डॉ. राजीव रमन ने सूची में शामिल सभी 113 दिव्यांगजन से कार्यालय समय के दौरान सीएचसी जनकपुर पहुंचकर अपना दिव्यांग प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की अपील की है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि जिन आवेदकों का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बन चुका है, वे निर्धारित कार्यालय समय में आवश्यक पहचान संबंधी दस्तावेज के साथ अस्पताल पहुंचकर प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। इससे उन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, पेंशन, छात्रवृत्ति, यात्रा रियायत, आरक्षण तथा अन्य सुविधाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। सीएचसी जनकपुर ने सभी संबंधित 113 हितग्राहियों से समय पर प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का आग्रह करते हुए कहा है कि किसी भी जानकारी या समस्या के लिए अस्पताल के संबंधित काउंटर से संपर्क किया जा सकता है। अस्पताल प्रशासन ने यह भी अपील की है कि सूची में शामिल 113 सभी दिव्यांगजन अनावश्यक विलंब न करें और जल्द से जल्द अपना प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लें।

### जिला खनिज संस्थान न्यास के कार्यों में लापरवाही

**मनेंद्रगढ़।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़ शहर के अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने जिला कलेक्टर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर को ज्ञापन सौंपकर जिला खनिज संस्थान



न्यास (डीएमएफ) के कार्यों में हो रही अनावश्यक देरी, लंबित फाइलों, रुके हुए भुगतानों तथा प्रशासनिक लापरवाही पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

## राहगीरों के लिए हादसे का बढ़ा खतरा

# आवारा मवेशियों का जमावड़ा मुख्य मार्ग पर लगता है जाम

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा के मुख्य प्रवेश द्वार पर गुरुवार को आवारा मवेशियों का झुंड सड़क पर डेरा जमाए नजर आया। मवेशियों के सड़क के बीचों-बीच खड़े रहने से यातायात प्रभावित हुआ और वाहन चालकों को काफी देर तक रुकना पड़ा। इस दौरान एक ऑटो सहित कई वाहन धीरे-धीरे रास्ता निकालते दिखाई दिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर क्षेत्र में आवारा मवेशियों की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।

सुबह और शाम के समय मुख्य मार्गों पर मवेशियों का जमावड़ा लगने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। जिससे दोपहिया वाहन चालकों को विशेष परेशानी




का सामना करना पड़ता है। नागरिकों ने बताया कि कई बार इस समस्या की शिकायत नगर पालिका से की जा चुकी है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से आवारा मवेशियों को गौशाला या सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने तथा मुख्य मार्गों को मवेशी मुक्त बनाने की मांग की है, ताकि यातायात सुचारु रहे और संभावित दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। पालिका क्षेत्र के कापरेटिव चौक से लेकर पुराना थाना तक शाम के समय सडक जाम कर मवेशी बड़े रहते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा समय-समय पर आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई किए जाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन स्थिति में कोई खास सुधार दिखाई नहीं देता। नगर के प्रमुख चौक, बाजार, बस स्टैंड और प्रवेश मार्गों पर आए दिन मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। राहगीरों और व्यापारियों ने बताया कि कई बार मवेशियों के अचानक सड़क पर आ जाने से दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो चुके हैं। वहीं स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भी सड़क पार करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। नागरिकों ने जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा से मांग की है कि आवारा मवेशियों के लिए स्थायी व्यवस्था की जाए।

### पांच परसेंट मॉडल से वर्षा जल सीधे हो रहा भूमिगत



**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जारी किए गए मोर गांव मोर पानी महाभियान के अंतर्गत कोरिया जिले में बनाई गई जलसंरचनाएं अब अपनी सार्थकता साबित कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पहली मानसूनी बारिश से ही सभी तालाबों और आजीविका डबरियों में जलभराव होने लगा है। जैसे जैसे बारिश तेज हो रही है जल संचय और भूमिगत जल संवर्धन के लिए बनाई गई संरचनाओं से लाखों लीटर वर्षा जल भूमिगत होना आरंभ हो गया है। प्रकृति के संरक्षण के लिए किए गए इन कार्यों का भौतिक लाभ अब दिखाई देने लगा है। खासकर तकनीकी का उपयोग करते हुए सही स्थलों पर बनाए गए परकोलेशन टेंक, पांच परसेंट माडल और कंटूर टैंज्च जैसी संरचनाओं से भूमिगत जलस्तर में तेजी से वृद्धि होने का अनुमान है।

## सरगुजा कमिश्नर दुग्गा ने किया औचक निरीक्षण



**मनेन्द्रगढ़।** प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरगुजा कमिश्नर नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने एमसीबी जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े तथा अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने कलेक्ट्रेट के अफएर कक्ष, आवक-जावक शाखा, निर्वाचन कक्ष, वित्त शाखा एवं स्थापना शाखा सहित विभिन्न विभागों का बारीकी से निरीक्षण कर कार्यालयीन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अभिलेखों के संधारण, फाइलों के निष्पादन और कार्यालयीन व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने सुरेन्द्र जैन को समय-सीमा बैठक की कार्यवाही को ऑनलाइन प्रणाली से संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही सूचना का अधिकार से संबंधित सभी फाइलों को स्कैन कर डिजिटल रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए, ताकि अभिलेख सुरक्षित रहें।

## वर्षों से बंद सिटी बस सेवा शुरू करने मांग

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल

भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता पियूष ताम्रकार ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर चिरमिरी नगर निगम की वर्षों से बंद पड़ी सिटी बस सेवा को शीघ्र पुनः प्रारंभ करने तथा बैकुंठपुर मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी मार्ग पर नियमित बस संचालन सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि सिटी बस सेवा बंद होने से बैकुंठपुर, मनेन्द्रगढ़ और चिरमिरी के बीच प्रतिदिन यात्रा करने वाले छात्रों, कर्मचारियों, महिलाओं, बुजुर्गों और



आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में वर्षा ऋतु होने के कारण स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। बारिश के मौसम में लोगों को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे अतिरिक्त आर्थिक बोझ के साथ-साथ आवागमन में भी कठिनाइयाँ बढ़ गई हैं।

## अवैध मदिरा पर प्रभावी कार्रवाई के दिए निर्देश

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव ने आज जिला आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय कार्यों एवं राजस्व संग्रहण की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। बैठक में विभागीय अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध एवं प्रभावी पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सुनियोजित कार्ययोजना बनाकर सकारात्मक एवं सतत प्रयास किए जाएँ। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अवैध मदिरा के

**कलेक्टर ने आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा की**



निर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं निरंतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जिले में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो सके। बैठक में कलेक्टर ने सभी आबकारी दुकानों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने, परिसर को व्यवस्थित रखने तथा दुकानों के आसपास होने वाली किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकामंद, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411






कोटा स्टडी सर्किल ब्रांच भिलाई तथा रायपुर में ड्रापर नीट, जेईई एवं पी.ई.टी. के अंतिम बैचेस में प्रवेश प्रारंभ

IIT-JEE Mains/ Advance Star Performers

NEET Star Performers



| IIT-JEE Mains/ Advance | |
|---|---|
| Buha Deep | 99.93% |
| Mayank Gupta | 99.93% |
| Amit Singh | 99.91% |
| S. Rajkumar | 96.00% |

| NEET | | |
|---|---|---|
| Chitendra Sahu | 611 / 720 | GMC |
| Subhasni Sahu | 548 / 720 | GMC DURG |
| Deepika Chandra | 647 / 720 | GMC RAIPUR |
| Vivek Kumar Verma | 568 / 720 | GMC RAJNANDGAON |
| Remmy Roy | 609 / 720 | GMC DURG |

कोटा स्टडी सर्किल भारत सरकार के द्वारा रजिस्टर्ड एवं आइसो सर्टिफाइड तथा राजस्थान से संबंधित एक उत्कृष्ट कोचिंग संस्थान है। जहां विगत 17 वर्षों से नीट तथा जी ई ई के परीक्षाओं की तैयारी कोटा ट्रेंड एवं एवं बहुत ही अनुभवी टीम द्वारा फिजिक्स केमिस्ट्री बायोलॉजी एवं मैथ्स विषय की तैयारी गहनता से कराई जाती है। परिणाम स्वरूप यहां के छात्र अपनी अलग पहचान बनाते हैं। चाहे वह बोर्ड परीक्षाएं हो अथवा नीट एवं जीईई, कोटा स्टडी सर्किल ने विगत 17 वर्षों में राष्ट्र को होनहार डॉक्टर एवं इंजीनियर दिए हैं जो देश-विदेश में अपनी सेवाएं देकर अपने गुरुजन माता-पिता तथा संस्थान का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। कोटा स्टडी सर्किल की विशेषता है कि यहां हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों ही माध्यम के छात्रों के लिए समान सुविधा उपलब्ध होती हैं। यहां का स्टडी मेटरियल तथा ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज इतना अच्छा होता है कि 100% परसेंट क्वेश्चंस आने की संभावना होती है। क्योंकि इस तरह डिजाइन किया जाता है कि अगर क्वेश्चन पेपर बनाने वाला एग्जामिनर किसी भी तरह एंगल से क्वेश्चन पूछे तो वह बन जाए, यहां समय-समय पर आत्मआकलन करने के लिए नीट तथा जीईई बेस्ड मॉक टेस्ट कराए जाते हैं। जिसका छात्रों को फायदा होता है तथा ऐसे छात्र एवं छात्राएं जो कि घर अथवा हॉस्टल में पढ़ाई का माहौल न होने के कारण डिस्टर्ब रहते हैं उनके लिए कोटा स्टडीज सर्कल में एक बेहतरीन लाइब्रेरी उनके पढ़ने के लिए व्यवस्थित की गई है। तथा डीपी पी की प्रैक्टिस कक्षा में ही कर दी जाती है।


जिससे कि वह आने वाले क्वेश्चंस के लिए पहले से तैयार रहते हैं। एवं समय रहते खुद को प्रिपेयर कर पाते हैं। कोटा स्टडी सर्किल की विशेषता है कि यहां क्लास में क्लास के साथ-साथ ही डीपीपी के थ्रू छात्रों को आने वाली परीक्षाओं की पहले से तैयारी कराई जाती है। कोटा स्टडी सर्किल में बाहर से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए गर्ल्स तथा बॉयज के लिए पृथक-पृथक हॉस्टल तथा रहने के साथ-साथ मैस की सुविधा का भी ध्यान रखा जाता है। यहां फीस भी बहुत ही उचित ली जाती है जिससे कि पेरेंट्स के ऊपर कोई अतिरिक्त वर्णन ना आए।

यहां पर आपको माहौल देखने को मिलेगा की आपका बच्चा भिलाई अथवा रायपुर पढ़कर ही राजस्थान कोटा अथवा दिल्ली में स्थित सारी सुविधाओं को छत्तीसगढ़ के भिलाई तथा रायपुर में रहकर प्राप्त कर रहा है।

कोटा स्टडी सर्किल में ड्रॉपर बैजेस 12 तथा 15 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहे हैं। जहां प्रत्येक बैच में लिमिटेड सीट रखी गई है।

पलक रायपुर में आरसी कॉलेज के सामने बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बाजू में कोटा स्टडी सर्किल तथा भिलाई में न्यू सिविक सेंटर कोटा स्टडी सर्किल में आकर संपर्क कर सकते हैं।

TM Registration No. 3091296
ISO CERTIFIED 9001 : 2008 CERTIFIED INSTITUTE
KOTA STUDY CIRCLE®
Where we shape the career



नीट तथा JEE के पृथक-पृथक बैच, हिन्दी तथा अंग्रेजी के पृथक-पृथक बैच
कोटा स्टडी मटेरियल ऑल इण्डिया टेस्ट सीरिज गर्ल्स तथा ब्वायस के पृथक-पृथक बैच

X & XII Result



| Name | Result |
|---|---|
| Bhupendra Sahu | 94.6%, 10th |
| Preney Sahu | 94%, 10th |
| Harkita Sinha | 94%, 10th |
| Avinash Maanaday | 90.8%, 10th |
| Ritika Soni | 90.4%, 12th |
| Priyansh Aanand | 94.4%, 12th |

कोटा रायपुर ब्रांच : R.K.C. कालेज के सामने, जी.ई.रोड रायपुर
कोटा भिलाई ब्रांच : बि. नं. 150 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई
Contact : 90985 34927, 79877 91795


अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10वीं, 12वीं एवं स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत एफएसडीएमआई भिलाई मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत् कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी आफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (डीआरडीओ), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है।

संस्था एफएसडीएमआई भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (एससी, एसटी, ओबीसी, जनरल) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नाकोत्तर पास छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए
फायर एवं सेफ्टी औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ (2025-2026)

AVAILABLE COURSES
- Fire Technology & Industrial Safety
- Industrial Safety Management
- Health Sanitary Inspector
- Sub Fire Officer
- B.sc in Fire, safety
- PG in Fire Technology & Industrial Safety
- Certificate in Fireman
- (PDIS) POST DIPLOMA in Industrial safety
- (ADIS) ADVANCE DIPLOMA in Industrial safety




गरीब निम्न वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण शुल्क में छूट
एडमिशन हेल्पलाइन : 76972-12782
फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट
मान्यता प्राप्त संस्था भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) निजी प्रशिक्षण संस्थान
1- FSDMI कैंपस :- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गदा चौक, नजदीक अंबेडकर चौक, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
2- FSDMI कैंपस :- प्लॉट नंबर 766 वार्ड-11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) 490023
fsdmi cg | fsdmi bhilai | fsdmi_bhilai
12 वर्षों से आपकी सेवा में


रोजगार हेतु व्यवसायिक प्रशिक्षण कम शुल्क में संपूर्ण तकनीकी शिक्षा



एस. एम. उमक

बेरोजगारों के उज्वल भविष्य के लिए अल्प समय में रोजगारोन्मुखी व्यवसायिक प्रशिक्षण हेतु पावर हाउस भिलाई में स्थित 39 वर्ष पुरानी इंदु टेक्नीकल इंस्टीट्यूट एक अति विश्वसनीय संस्था है। जो आईएसओ 9001-2015 से प्रमाणित है। जहां प्रेक्टिकल आधारित कोर्स कराये जाते हैं। अतः प्रशिक्षण के बाद प्रेक्टिस करने की आवश्यकता नहीं होती है जिनका लाभ लेते हुए प्रतिवर्ष सैकड़ों बेरोजगार अपने पैरों पर खड़े होकर समाज और परिवार में सम्मान हासिल कर रहे हैं। संस्था छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करती है साथ ही इनकी नौकरी हेतु भी प्रयास करती है। संस्था में समय-समय पर तकनीकी कंपनियां तथा प्लेसमेंट एजेंसी जॉब हेतु संपर्क स्थापित करती है। इस तरह छात्रों को नौकरी भी प्राप्त हो जाती है।संस्था में मोबाईल हार्डवेयर/ सॉफ्टवेयर, कम्प्यूटर हार्डवेयर, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रीकल, फ्रिज-एसी, इन सभी विषयों का प्रेक्टिकल आधारित प्रशिक्षण दिया जाता है। इंदु टेक्निकल इंस्टीट्यूट एकमात्र संस्था है जो तकनीकी प्रशिक्षण में कम्प्यूटर के आधुनिक एनीमेशन का उपयोग करती है इससे कोर्स सरलता से छात्र-छात्राओं की समझ में आ जाते हैं चूंकि सभी कोर्स प्रेक्टिकल आधारित है तथा प्रत्येक छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत प्रेक्टिकल दिया जाता है अत: शैक्षणिक योग्यता का कोई मापदंड नहीं है किसी भी स्तर के छात्र-छात्राएं इन कोर्सेस को सरलता से पूर्ण कर सकते है। यदि छात्र-छात्राएं निश्चित अवधि में कोर्स पूर्ण नहीं कर पाते है और उन्हें अतिरिक्त समय भी लगता है तो अतिरिक्त समय हेतु कोई शुल्क नहीं लिया जाता अर्थात छात्र जब तक संतुष्ट नहीं हो जाता तब तक बिना अतिरिक्त शुल्क लिए कोर्स कराया जाता है। इसके अतिरिक्त भविष्य में छात्र-छात्राओं को कोर्स से संबंधित समस्या आने पर वह नि:शुल्क परामर्श ले सकते है। संस्था द्वारा कोर्स के पश्चात भी तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाता है सभी कोर्स सरल हिन्दी में कराए जाते हैं प्रशिक्षण अवधि में छात्रों को प्रेक्टिकल हेतु संपूर्ण सामग्री टूल्स एवं मटेरियल संस्था द्वारा दिया जाता है जिससे पालक पर ट्यूशन फीस के अतिरिक्त कोई बोझ नहीं होता। फीस के बारे में कहा जा सकता है कि जेब खर्च के बराबर फीस अर्थात् अत्यंत कम शुल्क में ये कोर्स कराये जाते हैं। संस्था में प्रेक्टिकल से भरपूर प्रशिक्षण का लाभ लेने के लिए यहां संपूर्ण छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त बिहार, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश, हिमांचल प्रदेश, उड़ीसा आदि के साथ-साथ नेपाल से भी छात्र आते हैं। बाहरी छात्रों हेतु संस्था का छात्रावास है।संस्था पावर हाउस बस स्टैंड एवं पावर हाउस रेलवे स्टेशन से अत्यधिक नजदीक होने से रायपुर, तिल्दा नेवरा, भाटापारा, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, दल्ली राजहरा रेल लाईन तक के प्रशिक्षणार्थी अप-डाउन कर कोर्स करते हैं। संस्था अपने सभी तकनीकी कोर्स पार्ट-टाईम अथवा फुलटाईम में संचालित करती है। जिससे नौकरी करने वाले शिफ्ट के अनुसार समय परिवर्तित कर प्रशिक्षण ले सकते हैं। प्रतिदिन 1.30 घंटे का समय देकर भी कोर्स किए जा सकते हैं। इस सेंट्रली एयर कुल्ड संस्था में प्रत्येक लैब में लगे कैमरों से संचालक द्वारा आडियो-विडियो मॉनिटरिंग की जाती है। इस तरह संस्था सभी दृष्टि से छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण हेतु दृढ़ संकल्पित एवं प्रयासरत है। जिसका लाभ उठाते हुए छात्र-छात्राएं कम फीस में भरपूर प्रेक्टिकल का लाभ लेते हुए आत्मनिर्भर हो सकते है एवं सबसे बड़ी बेरोजगारी की समस्या से निजात पा सकते है। नोट: महिलाओं हेतु विशेष व्यवस्था। संस्था में आने हेतु भिलाई पावर हाऊस के बस स्टैंड या पावर हाऊस स्टेशन पर उतरना होगा। संस्था की संपूर्ण जानकारी हेतु फोन करें।

(NGO सामाजिक संस्थाएं यदि युवक-युवतियों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते है तो संस्था उन्हें विशेष छूट और सहयोग प्रदान करती है।)

समय का सदुपयोग-आय का साधन-प्रशिक्षण जो रोजगार दिलाए

**मोबाईल सर्विसिंग कोर्स**
कोर्स में हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर में इलेक्ट्रानिक्स कम्पोनेट, कम्प्युटर ऑपरेटिंग, एंटी वायरस, सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन, टच स्क्रिन व एन्ड्राइड मोबाईल, अनलॉकिंग, फ्लेशिंग, कार्ड राइटिंग, ब्लू-टूथ मोबाईल ओपनिंग-फिटिंग, सोल्डरिंग-डिसोल्डरिंग, बॉल आई.सी., प्लाटिंग एवं फॉल्ट फाईडिंग करवाई जायेगी।

**कम्प्यूटर हार्डवेयर**
महानगरी स्तर की शिक्षा कम शुल्क में
कोर्स में लेपटॉप, डेस्क टॉप प्रिंटर, मॉनीटर, स्केनर, SMPS पावर सप्लाई रिपेयरिंग, बेसिक इलेक्ट्रानिक्स, कम्प्यूटर असेम्बिलिंग एवं ट्रबलशूटिंग भी। भरपूर प्रेक्टिकल कम्प्यूटर से एनीमेशन द्वारा विशेष जानकारी।

**इलेक्ट्रिकल कोर्स**
वायरिंग, मोटर रिवाइंडिंग (1/2 से 27 एच.पी. तक) एवं घरेलु उपकरण वाशिंग मशीन मिक्सी, गिजर, कूलर, पंखे, लाईट, डेकोरेशन, जेट पंप, मोनो ब्लॉक पंपसेट, सबमर्सिबल पंप, टुल्लु पंप, मोटर स्टॉर्टर, पेनल बोर्ड, वेल्डिंग ट्रांसफारमर आदि का गारंटेड प्रशिक्षण।

**इलेक्ट्रानिक्स कोर्स**
एफ.एम. रेडियो, इंडक्शन चुल्हा, एलईडी, एलसीडी एवं सीआरटी टीवी पर प्रेक्टिकल आडियो, विडियो एमपी-3 सीडी प्लेयर, डीवीडी, होम थियेटर, डी.टी.एच., सिस्टम, इन्वर्टर का गारंटेड प्रशिक्षण।

**फ्रीज व एसी कोर्स**
फ्रिज (फ्रास्ट फ्री एवं नान फ्रास्ट), विंडो एसी, स्प्लीट एसी, ऑटो मोबाइल (कार) एसी, पैकेज (डक्टिंग) एसी, डीप फ्रीजर, चिल्ड वाटर सिस्टम, बॉटल कूलर, मिठाई के शोकेस का पूर्ण प्रेक्टिकल, गैस चार्जिंग सामान्य एवं आधुनिक गैस चार्जिंग स्टेशन दोनों पद्धतियों से।

छात्रावास सुविधा | स्थापना वर्ष 1987 | रविवार अवकाश

इन्दु टेक्नीकल इंस्टीट्यूट
टी-मार्केट, पावर हाउस, भिलाई मो.: 98271-94279, 74156-74157

हमारी संस्था की कोई अन्य शाखा नहीं है।
www.indutechnical.com
मो.: 98271 94279
8770222654 74156 74157
पर संपर्क किया जा सकता है।